कार्यालय उपनिदेशक, माध्यमिक शिक्षा, भरतपुर संभाग भरतपुर

क्रमांक : उनिमाशि/भरत/ संस्था–1/2018/ 226 दिनांक : 10.07.18

समस्त प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक
राउमावि/रामावि .....
भरतपुर मण्डल

विषय :– वरिष्ठ अध्यापकों के दोहरा पदस्थापन के सम्बन्ध में।
प्रसंग :– निदेशालय माध्यमिक शिक्षा राज0 बीकानेर से दूरभाष निर्देश दिनांक 10.07.18

–––––00–––––

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आपके विद्यालय में न्यायालय प्रकरण/स्थानान्तरण/विषय विरूद्ध/पदोन्नति से एक ही पद पर एक ही विषय में दोहरा पदस्थापन हो गया है तो ऐसी स्थिति में दिनांक 12.07.18 को सम्बन्धित जिला शिक्षा अधिकारी एवं स्थानीय कार्यालय में सूचना प्रेषित करते हुए दिनांक 13.07.18 को दोनों ही व0अ0 को उनके प्रकरण से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों सहित अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होने हेतु निर्देशित करें ताकि उनके प्रकरणों के निस्तारण की कार्यवाही की जा सके।

यह सुनिश्चित करें कि आपके विद्यालय में ऐसे व0अ0 नियत दिनांक तक इस कार्यालय में उपस्थित हो जावे। इसके पश्चात एक ही पद पर एक से अधिक व0अ0 कार्यरत रहने की स्थिति में आपकी व्यक्तिगत जिम्मेवारी निर्धारित की जावेगी।

(किशनलाल देवतवाल)
उपनिदेशक माध्यमिक शिक्षा
भरतपुर संभाग भरतपुर

प्रतिलिपि :–

1. संयुक्त निदेशक (कार्मिक) माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर के दूरभाष निर्देश दिनांक 10.07.18 की पालना में।
2. जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक प्रथम, द्वितीय भरतपुर/धौलपुर/करौली/स0मा0 को प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि आपके जिले के अधीनस्थ समस्त विद्यालयों से निर्देशों की पालना सुनिश्चित कराते हुए दिनांक 12.07.18 तक उपरोक्तानुसार दोहरे पदस्थापन की सूचना संकलित कर इस कार्यालय को भिजवावें।

उपनिदेशक माध्यमिक शिक्षा
भरतपुर संभाग भरतपुर

Deputy Director (Secondary Education) Bharatpur, Near Central School, DIET Hostal Building, BHARATPUR / Sec-1 / E-Mail : ddsecbpr@yahoo.in / Phone No. 05644-223474